दिनांक 10.07.2020 को **परियोजना निदेशक, आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा** की अध्यक्षता में **आत्मा प्रबंधन समिति** की बैठक **आत्मा कार्यालय, कोडरमा** में आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारीगण एवं सदस्य उपस्थित हुए :–

उपस्थिति – यथा पंजी में संधारित।

कार्यवाही।

सर्वप्रथम परियोजना निदेशक, आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा आत्मा प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों का स्वागत के उपरान्त आत्मा प्रबंधन समिति की बैठक की कार्यवाही शुरु की गई। परियोजना निदेशक, आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी समिति सदस्यों को वर्ष 2020–21 में आत्मा अन्तर्गत "National Mission on Agricultural Extension and Technology (NMAET)" योजना अन्तर्गत "Sub Mission on Agriculture Extension" जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) की प्रति सभी सदस्यों को समर्पित की गई। तदोपरान्त परियोजना निदेशक, आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा आत्मा के कार्यान्वयन हेतु आत्मा प्रबंधन समिति की बैठक में निम्न प्रकार के प्रस्ताव पर परिचर्चा की गई है:–

- परियोजना निदेशक, आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया कि वर्ष 2020–21 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना **(DEWP)** के अनुसार **जिलास्तरीय प्रशिक्षण का 02** लक्ष्य निर्धारित है।

  परियोजना निदेशक, आत्मा एवं वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, कोडरमा द्वारा **सब्जी उत्पादन एवं बागवानी पर तथा** जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा **समेकित कृषि प्रणाली पर** जिलास्तरीय प्रशिक्षण करवाने का सुझाव दिया गया इस पर सभी समिति सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।
- परियोजना निदेशक, आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया कि वर्ष 2020–21 में आत्मा योजनान्तर्गत **कुल 50 प्रत्यक्षण ( कृषि से) का** लक्ष्य निर्धारित है।

  माननीय सदस्य एकराम खॉ द्वारा फूलगोभी पर एवं जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा बरसीम, जई चारा पर प्रत्यक्षण करवाये जाने का सुझाव दिया गया इस पर सभी समिति सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।
- परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया कि वर्ष 2020–21 में आत्मा अन्तर्गत **(DEWP)** के अनुसार **अन्तरर्राजकीय परिभ्रमण का 01** लक्ष्य निर्धारित है।

  परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा एवं जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा **National Dairy Development Board's (NDDB), Anand Gujarat** में परिभ्रमण करवाने हेतु प्रस्ताव दिया गया इस पर सभी समिति सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।
- परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया कि वर्ष 2020–21 में आत्मा अन्तर्गत **(DEWP)** के अनुसार **राज्यस्तरीय परिभ्रमण का 02** लक्ष्य निर्धारित है।

  परियोजना निदेशक, आत्मा–सह जिला कृषि पदाधिकारी एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा Shalimar Farm, Dhurwa, ranchi में जिला गव्य विकास पदाधिकारी एवं कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र, कोडरमा द्वारा Progressive farm Hazaribag, Harhi, Block Nagri, Ranchi तथा जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा Goat Breeding Chatra में परिभ्रमण करवाने हेतु प्रस्ताव दिया गया।

  इस पर सभी समिति सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।
- परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया कि वर्ष 2020–21 में आत्मा अन्तर्गत अन्तर्गत **(DEWP)** के अनुसार **जिलास्तरीय परिभ्रमण का 06** लक्ष्य निर्धारित है।

माननीय सदस्य जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा श्री मधुसुदन दास (मत्स्य पालक) प्रखण्ड डोमचॉच में जिला गव्य विकास पदाधिकारी एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा एकराम खॉ (पशु पालक) प्रखण्ड जयनगर में एवं सैनिक स्कूल डेयरी फार्म, झु0 ति0 में, परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा प्रत्यक्षण स्थल पर भी कराने का प्रस्ताव दिया गया।

इस पर सभी समिति सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

- ❖ परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया कि वर्ष 2020–21 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना **(DEWP)** के अनुसार **जिला स्तरीय किसान मेला–सह–उद्यान प्रदर्शनी** का 01 लक्ष्य निर्धारित है।

  जिसमें सभी माननीय सदस्यों द्वारा प्रखण्ड जयनगर के पंचायत पीपचो के हाट मैदान में किसान मेला करवाने पर सहमति प्रदान की गई।

- ❖ परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया कि वर्ष 2020–21 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना **(DEWP)** के अनुसार **Farm Information Dissemination through printed leaflets** का 06 लक्ष्य निर्धारित है।

  जिस पर सभी माननीय सदस्यों द्वारा कृषि एवं संबंद्ध विभागों से संबंधित तकनीकों का किसानों के बीच प्रचार–प्रसार हेतु लिफलेट/पम्पलेट छपवाने पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

- ❖ परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया कि वर्ष 2020–21 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना **(DEWP)** के अनुसार **Low cost Publication** का 01 लक्ष्य निर्धारित है।

  जिस पर सभी माननीय सदस्यों द्वारा कृषि एवं संबंद्ध विभागों से संबंधित तकनीकों का किसानों के बीच प्रचार–प्रसार हेतु लिफलेट/पम्पलेट छपवाने पर सहमति प्रदान की गई।

- ❖ परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया गया कि वर्ष 2020–21 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना **(DEWP)** के अनुसार **Development of technology package on electronic form to be shared through IT network** का 05 लक्ष्य निर्धारित है।

  जिसमें सभी माननीय सदस्यों द्वारा कृषि, मत्स्य, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग से संबंधित गतिविधियों पर विडियो फिल्म तैयार करने पर सहमति प्रदान की गई।

- ❖ परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया कि वर्ष 2020–21 में में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना **(DEWP)** के अनुसार कृषक वैज्ञानिक अन्तरमिलन का 02 लक्ष्य निर्धारित है।

  कृषक वैज्ञानिक अन्तरमिलन कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, कोडरमा द्वारा करवाने का प्रस्ताव पर सभी समिति सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

- ❖ परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया कि वर्ष 2020–21 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना **(DEWP)** के अनुसार वैज्ञानिक एवं प्रसार कार्यकर्त्ता संयुक्त क्षेत्र भ्रमण परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी एवं कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र, कोडरमा द्वारा किसानो का खेत में प्रत्येक माह आवश्यकतानुसार 01 किया जाना है।

  इस पर सभी समिति सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

- ❖ परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया कि वर्ष 2020–21 में में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना **(DEWP)** के अनुसार कृषक गोष्ठी का कुल 06 लक्ष्य निर्धारित है।

  सभी विभागों के सहयोग से कृषक गोष्ठी प्रखण्ड स्तर पर प्र0 त0 प्र0 तथा स0 त0 प्र0 से करवाने हेतु प्रस्ताव दिया गया इस पर सभी समिति सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति दी गई।

- ❖ परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी समिर्ति सदस्यों को बताया कि वर्ष 2020–21 में में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना **(DEWP)** के अनुसार कृषक पाठशाला का 18 लक्ष्य निर्धारित है।

  सभी समिति सदस्यो द्वारा संबंधित विभागों से सूची प्राप्त कर प्रत्येक प्रखण्ड में तीन–तीन प्र0 त0 प्र0 तथा स0 त0 प्र0 द्वारा कृषक पाठशाला चलाने हेतु प्रस्ताव दिया गया। इस पर सभी समिति सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

❖ परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया कि वर्ष 2020–21 में आत्मा अन्तर्गत संशोधित आत्मा स्कीम 2018 की मार्गदर्शिका के आलोक में निदेशक समेति का पत्रांक 567 दिनांक 11.06.19 के निदेशानुसार आत्मा शासकीय निकाय एवं कृषक सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया जाना है।

इस संबंध में परियोजना निदेशक, आत्मा, कोडरमा द्वारा बताया गया कि BFAC,DFAC,AMC का कार्यकाल दो वर्षो का होता है दो वर्ष का कार्यकाल समाप्त हो चुका है इसलिए पुनः पुर्नगठन किया जाना है इस संबंध में प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक द्वारा प्रखण्ड कृषक सलाहकार समिति एवं जिला कृषक सलाहकार समिति का पुर्नगठन कर चयन सूची उपलब्ध कराया गया है तथा विभाग के पदाधिकारी द्वारा गेर सरकारी आत्मा प्रबंधन समिति का पुर्नगठन चयन सूची प्राप्त है जिसकी सूची सभी माननीय सदस्यों को दिया गया और इस पर माननीय सदस्यों द्वारा आत्मा प्रबंधन समिति के गैर सरकारी सदस्यों कार्य सरहनीय देखते हुए एकराम खॉं को यथावत रखने पर सहमति प्रदान की गई।

❖ परियोजना निदेशक आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कृषि निदेशक –सह–राज्य नोडल पदाधिकारी का पत्रांक 05 दिनांक 19.06.2020 के दिए पत्र के आलोक में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्टेंशन अन्तर्गत आत्मा अन्तर्गत प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं अन्य पदो से संबंधित मानवबल के पदो पर चयन संबंधी कार्य नई आत्मा मार्गदर्शिका 2018 विभागीय संकल्प एवं झारखण्ड सरकार के द्वारा नियुक्ति / चयन के संबंध में निर्गत आरक्षण /अन्य नियमावली के आलोक में अविलंब प्रारम्भ करते हुए रिक्ति को भरने संबंधी कार्य पूर्ण करने हेतु निदेश प्राप्त है।

जिस पर सभी माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

अन्त में बैठक की कार्यवाही परियोजना निदेशक, आत्मा–सह–जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त की गई।

परियोजना निदेशक
आत्मा, कोडरमा।

ज्ञापांक 98 कोडरमा / दिनांक 10/07/2020

प्रतिलिपिः– कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र, जयनगर, कोडरमा / जिला कृषि पदाधिकारी,कोडरमा / जिला उद्यान पदाधिकारी, कोडरमा / जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा / जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा / भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा / कार्यापालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा / जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कोडरमा / आत्मा प्रबंधन समिति के सभी गैर माननीय सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।

परियोजना निदेशक,
आत्मा, कोडरमा।

ज्ञापांक 98 कोडरमा / दिनांक 10/07/2020

प्रतिलिपिः– उपायुक्त, कोडरमा / उप विकास आयुक्त, कोडरमा / निदेशक समेति, झारखण्ड, रॉंची / संयुक्त कृषि निदेशक, हजारीबाग की सेवा में सूचनार्थ समर्पित।

परियोजना निदेशक,
आत्मा, कोडरमा।